# दिनांक 10/06/2019 को मा० अध्यक्ष, राज्य उच्च शिक्षा परिषद् की अध्यक्षता में आयोजित अष्टम बैठक का कार्यवृत्त

माननीय अध्यक्ष महोदय डॉ० धन सिंह रावत जी की अध्यक्षता में दिनांक 10/06/2019 को उत्तराखण्ड, सचिवालय स्थित अब्दुल कलाम भवन के भूतल पर स्थित कक्ष संख्या 101 में उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा परिषद् की अष्टम बैठक आयोजित की गयी । बैठक की उपस्थिति संलग्नक – 1 में अवलोकनीय है । रूसा परियोजना निदेशालय की संयुक्त परियोजना निदेशक डॉ० रचना नौटियाल द्वारा बैठक में मा० उच्च शिक्षा मंत्री जी अध्यक्ष, उत्तराखण्ड राज्य उच्च शिक्षा परिषद् तथा उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया गया । बैठक में सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए –

**मद संख्या (1) SHEC की तृतीय बैठक की समीक्षा**

दिनांक 12/10/2017 को आयोजित तृतीय बैठक के सभी मदों की समीक्षा की गयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या (2) SHEC की चतुर्थ बैठक की समीक्षा**

दिनांक 21/01/2018 को आयोजित चतुर्थ बैठक के सभी मदों (मद संख्या 8, 11 एवं 12 को छोड़कर) की समीक्षा की गयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया । मद संख्या 8, 11 एवं 12 पर कार्यवाही निम्न है ।

**मद संख्या 8** (उत्तराखण्ड के समस्त विश्वविद्यालयों में सी० बी० सी० एस० सिस्टम लागू कराया जाना । ) शासन स्तर पर विचाराधीन है ।

**मद संख्या 11** (प्रशासनिक अधिकारी के वेतन सम्बन्धी) परियोजना निदेशालय स्तर पर विचाराधीन है ।

**मद संख्या 12** अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिंदु में बिंदु संख्या 7 (आशीर्वाद योजना के लिए अपर सचिव, उच्च शिक्षा की अध्यक्षता में बैठक की जायेगी ) पर कार्यवाही शासन स्तर पर अपेक्षित है ।

**मद संख्या (3) SHEC की पंचम बैठक की समीक्षा**

दिनांक 04/05/2018 को आयोजित पंचम बैठक के सभी मदों की समीक्षा की गयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या (4) SHEC की षष्टम बैठक की समीक्षा**

दिनांक 05/09/2018 को आयोजित षष्टम बैठक के सभी मदों (मद संख्या 7 को छोड़कर) की समीक्षा की गयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया । मद संख्या 7 पर लिया गया निर्णय –

**मद संख्या 7** रूसा परियोजना निदेशालय में वित्तीय अधिकारों की सीमा के अंतर्गत निर्णय लिया गया कि 5 लाख से ऊपर की धनराशि के खर्च हेतु अध्यक्ष महोदय राज्य उच्च शिक्षा परिषद् से अनुमति प्राप्त करनी होगी ।

**मद संख्या (5) SHEC की सप्तम बैठक की समीक्षा**

दिनांक 18/01/2019 को आयोजित सप्तम बैठक के सभी मदों (मद संख्या 2, 13, 14, 15, एवं 17 को छोड़कर) की समीक्षा की गयी एवं अनुमोदन प्रदान किया गया मद संख्या 2, 13, 14, 15, एवं 17 पर लिए गए निर्णय –

**मद संख्या 2** (नये सत्र में अधिक से अधिक महाविद्यालयों का नैक प्रत्यायन कराये जाने हेतु महाविद्यालयों को नैक फीस ₹100 प्रति छात्र लगाने की अनुमति प्रदान करने हेतु) इस हेतु निदेशक, उच्च शिक्षा को महाविद्यालयों हेतु आदेश जारी करने को कहा गया।

**मद संख्या 13** (पाँच शिक्षकों को श्री भक्त दर्शन पुरुस्कार दिया जाना) इस सम्बन्ध में प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा महोदय को अधिकृत किया गया कि वे इस हेतु निम्न सदस्यों की एक समिति गठित करने के आदेश निर्गत करें –

1– निदेशक, उच्च शिक्षा ।
2– कुलपति, दून विश्वविद्यालय ।
3– कुलपति, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय ।
उपरोक्त पुरस्कार हेतु सुविचारित प्रस्ताव निदेशक द्वारा शासन को प्रेषित की जाय।

**मद संख्या 14** (रूसा, उच्च शिक्षा परिषद् एवं क्षेत्रीय कार्यलय हेतु भवन निर्माण) इस हेतु निर्णय लिया गया कि यह प्रकरण कैबिनेट बैठक में रखा जायेगा, ताकि यह भूमि विभाग को निःशुल्क मिल सके, क्योकि भवन निर्माण हेतु जिस भूमि का चयन किया गया है, एमडीडीए द्वारा उस भूमि हेतु ₹ 1.47 करोड़ की मांग की है ।

**मद संख्या 15** (ज्ञान कुम्भ की आख्या) इस हेतु रूसा सलाहकार, डॉ० के० डी० पुरोहित को निर्देशित किया गया कि वे ज्ञान कुम्भ से सम्बंधित एक बुकलेट का निर्माण कराये ।

**मद संख्या 17** (एडुसैट परियोजना में कार्यरत एकमात्र तकनीकी मानवशक्ति की वेतन वृद्धि) विचाराधीन है ।

**मद संख्या (6) RUSA-TSG हेतु तकनीकी पदों का सृजन**

रूसा, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा दी गयी गाइड लाइन के अनुसार दो आई टी विशेषज्ञ/कन्सलटेंट के पद शासन स्तर से सृजित कराने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या (7) उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड राज्य में एकेडेमिक रिफॉर्म्स हेतु**

राज्य विश्वविद्यालय जो रूसा से आच्छादित है सभी को एकेडेमिक रिफॉर्म्स के अंतर्गत राज्य की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक परिस्थिति के अंतर्गत नवीन पाठ्यक्रमों को आगामी शैक्षणिक सत्र से लागू करने के लिए कार्यवाही करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया

**मद संख्या (8)** रूसा फेज 3.0 जो अप्रैल 2020 में प्रस्तावित है, हेतु प्रदेश के ज्यादा से ज्यादा महाविद्यालयों में नैक प्रत्यायन कराने हेतु गठित राज्य स्तरीय SLQAC की दिनांक 22/05/2019 को आहूत बैठक में सर्व सम्मति से लिए गए निर्णयों पर विचार विमर्श किया गया।

**बिंदु (ख) (राज्य के ऐसे सभी महाविद्यालय जो पिछले पाँच वर्षों से या उससे भी ज्यादा वर्षों से स्थापित हैं और उनके पास अपनी भूमि और भवन हो तथा उसने विश्वविद्यालय के मापदंड पूर्ण कर लिए हों तो उसे स्थायी सम्बद्धता प्रदान करने का प्रस्ताव)**

प्रस्ताव के सम्बन्ध में विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया गया कि वे इस हेतु प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करें ।

**बिंदु (घ) (जो नए और पुराने महाविद्यालय सम्बद्धता बढाये जाने के सन्दर्भ में विश्वविद्यालयों को आवेदन कर रहे हैं वे विश्वविद्यालयों के मापदंडों के अनुसार (यदि निर्धारित हैं) पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करेंगे)**

सभी राज्य विश्वविद्यालय इस बिंदु के अनुपालन में कार्य करना सुनिश्चित करें, का अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**बिंदु (ङ) (कई महाविद्यालयों में शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार कई शैक्षणिक पदों का सृजन नहीं हुआ है जैसे कई महाविद्यालयों में लाब्रेरियन, असिस्टंट लाब्रेरियन आदि के पदों का अभी तक सृजन नहीं किया गया है और महाविद्यालय पिछले 10 वर्षों से चल रहा है, पुस्तकों को रखने की अव्यवस्था है । अतः शासन से अनुरोध है कि ऐसे सभी महाविद्यालयों में जहाँ पद सृजित न हों वहाँ शीघ्र पद सृजित किये जाय और पदों के सृजित होने तक वहां अस्थायी व्यवस्था की जाय ताकि नैक प्रत्यायन किया जा सके)**

प्रस्ताव के सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय ने अवगत कराया कि महाविद्यालयों में लाईब्रेरियन, असिस्टेंट लाईब्रेरियन एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की भर्ती हेतु कुल 172 पदों का अध्याचन उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग को भेज दिया गया है ।

मद संख्या (9) रूसा परियोजना निदेशालय में रिक्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर आउटसोर्स द्वारा तकनीकी कारणों से नियुक्ति न हो पाने के कारण पुनः नियुक्ति प्रक्रिया प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रस्ताव –

रूसा परियोजना निदेशालय में रिक्त व स्वीकृत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के पदों पर सीधी भर्ती से उपनल अथवा पीआरडी से नियुक्ति करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया ।

**मद संख्या (10) ज्ञान कुम्भ 2018 की देयता हेतु संयोजक ज्ञान कुम्भ को ₹ 5 लाख के भुगतान हेतु –**

संयोजक ज्ञान कुम्भ के अनुरोध पर अवशेष धनराशि ₹ 5 लाख को शीघ्र दिए जाने हेतु अनुमोदन दिया गया ।

**मद संख्या (11) अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य बिंदु**

1. रूसा फेज 1 के अंतगत कराये जा रहे कार्य 15 अगस्त 2019 तक पूर्ण कराये जाँय, जो संस्थान इस तिथि तक कार्य पूर्ण नही करा पाएंगे उनके कार्यों को बंद कर दिया जाय ।

2. रूसा फेज 2 में जो भी कार्य होने है, उनकी कार्यदायी संस्थाओं को धनराशि का आवंटन पंचायत चुनाव आचार संहिता लगने से पहले करा लिए जाय ताकि समय से कार्य प्रारम्भ किये जा सकें ।

3. दो मॉडल कालेज एवं एक प्रोफेशनल कालेज का शिलान्यास किया जा चुका है किन्तु अभी तक कार्य प्रारम्भ नहीं हुआ है । इसके सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय ने उक्त कालेजों का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश दिए।

4. जिन महाविद्यालयों की बायोमेट्रिक मशीने खराब है उनको को शीघ्र क्रियाशील करवाने हेतु निदेशक, उच्च शिक्षा की ओर से कार्यवाही करने को कहा ।

5. वर्तमान में प्राचार्यों के रिक्त पदों हेतु अगले 10 दिनों में डीपीसी करा ली जाय साथ ही प्रतीक्षा सूची भी जारी की जाय ।

6. जिन महाविद्यालयों में 85% प्राध्यापक हैं उन महाविद्यालयों में अन्य 15% प्राध्यापक रूसा के प्रावधानों के तहत ₹ 50 हजार प्रतिमाह पर रखे जाय । अपर सचिव महोदय की देख रेख में प्रस्ताव तैयार किया जाय ।

7. रूसा फेज 3 हेतु केंद्र को भेजे जाने वाले प्रस्तावों में कलस्टर विश्वविद्यालय, ज्योतिष विश्वविद्यालय, पर्यावरण विश्वविद्यालय एवं महिला विश्वविद्यालय के प्रस्तावों पर विचार किया जाय।

8. जसपुर एवं मरगूबपुर महाविद्यालयों में अल्पसंख्यक बोर्ड द्वारा निर्मित भवनों को उच्च शिक्षा को हस्तांतरित करने के निर्देश दिए गए ।

9. माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा की गयी घोषणा के अनुसार राजकीय महाविद्यालय रायपुर, देहरादून को शीघ्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय बनाये जाने हेतु शासन स्तर से कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिए गए ।

10. पाँच हजार से अधिक छात्र संख्या वाले राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में आवश्यकतानुसार पदों में वृद्धि की जाय।

11. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर का ऑडिट कराया जाय ।

12. प्रथम ज्ञान कुम्भ की अपार सफलता के बाद दूसरा ज्ञान कुम्भ जिसके मुख्य अतिथि माननीय प्रधानमंत्री जी होंगे का आयोजन अक्टूबर /नवम्बर 2019 में प्रस्तावित है जो हिमालयन विश्वविद्यालय जॉली ग्रांट, देव संस्कृति विश्वविद्यालय, पतंजलि विश्वविद्यालय एवं पेट्रोलियम विश्वविद्यालय में से किसी एक में आयोजित होगा इस हेतु शासन द्वारा ₹20 लाख की धनराशि का प्रावधान किया जायेगा ।

13. पुस्तक दान अभियान के अंतर्गत जिन शेष महाविद्यालयों को पुस्तकों की आवश्यकता है उनको उनकी सूची के अनुसार पुस्तकें उपलब्ध कराई जाय ।

14. 21 जून 2019 को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में युवा कल्याण विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा जिसमें लगभग 100 छात्र – छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाना सुनिश्चित किया जाय ।

15. अध्यक्ष, राज्य उच्च शिक्षा परिषद् के कार्यालय हेतु 01 कम्प्यूटर आपरेटर तथा 2 चतुर्थ श्रेणी के पदों हेतु नियमानुसार कार्यवाही की जाय।

अंत में अपर सचिव, उच्च शिक्षा, महोदय के धन्यवाद ज्ञापन के उपरांत उत्तराखण्ड उच्च शिक्षा परिषद् की अष्टम बैठक समाप्त हुई ।

आनंद बर्द्धन
27/06/19
प्रमुख सचिव
उच्च शिक्षा
उत्तराखण्ड शासन

परियोजना निदेशालय, राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान
दून विश्वविद्यालय, केदारपुरम, देहरादून

संख्या – 117 (21)/रूसा/2019–20 दिनांक– 04, ~~जून,~~ जुलाई 2019

**प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत–**

1. प्रमुख निजी सचिव, मा० उच्च शिक्षा मंत्री को मा० मंत्री महोदय के अवलोकनार्थ ।
2. प्रमुख निजी सचिव, मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन को मुख्य सचिव महोदय के अवलोकनार्थ ।
3. प्रमुख निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन को प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ ।
4. प्रमुख निजी सचिव, प्रभारी सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तराखण्ड शासन को प्रभारी सचिव महोदय के अवलोकनार्थ ।
5. निजी सचिव, अपर सचिव, उच्च शिक्षा एवं अपर परियोजना निदेशक, रूसा के अवलोकनार्थ ।
6. संयुक्त सचिव, मा०सं०वि०मं० (उच्च शिक्षा विभाग) भारत सरकार नई दिल्ली ।
7. उत्तराखण्ड उच्च शिक्षा परिषद् के समस्त सदस्य ।
8. निदेशक, उच्च शिक्षा निदेशालय, हल्द्वानी, नैनीताल ।
9. संयुक्त परियोजना निदेशक एवं नोडल अधिकारी, रूसा उत्तराखण्ड ।

डॉ० (अहमद इकबाल)
अपर परियोजना निदेशक, रूसा

मा0 उच्च शिक्षा मंत्री जी की अध्यक्षता में दिनांक 10 जून 2019 को राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत संरचित उत्तराखण्ड उच्च शिक्षा परिषद् की अष्टम बैठक की उपस्थिति

| क0सं0 | नाम/पदनाम | पता | मोबाइल नं0 | ई–मेल | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dr. V. K. Sant<br>Asst Prof. Nodal RUSA | Doon University | 9897958508 | vipinkumar20@gmail.com | [signature] |
| 2 | M.S. Mandrawal<br>D.R | 〃 | 9412965477 | ardoonuniversity@gmail.com | [signature] |
| 3 | Dr. K. S. Bisht-<br>Assistant Professor | D.B.S (PG) College.<br>Dehradun. | 9411148654 | kamalsbisht-66@gmail.com | [signature] |
| 4 | Dr. M. S. Rawat<br>Assoc. Professor | Govt. P.G. College<br>Rishikesh | 9412916792 | drmsrawat2@yahoo.co.in | [signature] |
| 5 | Dr. D. C. Pandey<br>Assit. Prof. | Govt. D. College.<br>Thalisain (Pauri) | 9411319412 | drdcpandey3075@gmail.com | [signature] |
| 6 | Prof. O. P. S. Negi | V.C. Uttarakhand Open Univ. Haldwani | 9412092677 | opsnegi@gmail.com | [signature] |
| 7 | Prof H S Dhami | VC, URU<br>Almora | 9412092611 | drhsdhami@gmail.com | [signature] |
| 8 | C. S. Nautiyal. | Doon University | 6399522202 | vcdoon@gmail.com | [signature] |
| 9 | U. S. Rawat | Sri Dev Suman Uni. | 9411335555 | drudairawat@gmail.com | [signature] |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Deepti Rawat Bhandari | Dehradun | 9968331253 | drawat100@gmail.com | [signature] |
| 11 | Dr. Devendra Bhasin | 76/111 Rajpur Road Dehradun | 9412008800 | devendrakbhasin@gmail.com | [signature] |
| 12 | Prof. H.C. CHANDOLA | Kumaun University (Deptt. of Physics) Nainital | 9412986369 | chandolahcrish@gmail.com | [signature] |
| 13 | Dr. Anita Rawat | Registrar-UOU, Dehradun | 9412932004 | dr.anitaarawat@gmail.com | [signature] |
| 14 | Prof. M.S.M. Rawat | RUSA | 7830222580 | msmrawat@gmail.com | [signature] |
| 15 | Dr. K.D. Purohit | RUSA. | 9639347477 | kdpurohit55@gmail.com | [signature] |
| 16 | Dr. S.C Pant | I/c Director, Higher Education Uttarakhand | 9639208054 | drsureshcpant@gmail.com | [signature] |
| 17 | Prof. K.S. Rana | V.C. Kumaun Univ. Nainital | 9412269995 9012269999 | drksrana@hotmail.com | [signature] |
| 18 | Prof ANIL KAPOOR | K.U. Nainital | 9837258461 | akdabbu@gmail.com | [signature] |
| 19 | Anil Negi | PSTO Chairman RUSA | 9927699319 | anilnegiam@gmail.com | [signature] |
| 20 | S.K. Pant | AE. K.U.NTL | 9411366613 | Sanjpant992@gmail.com | [signature] |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 21 | DINESH KUMAR | information officer | 9760127596 | infodirector.ok@gmail | |
| 22 | Vinod Pd. Ratori | Secretary (I/C) | | | |
| 23 | Rachna Nautiyal | Nodal - RUSA | 9412057391 | rusa.ke.2013@gmail.com | |
| 24 | | | | | |
| 25 | | | | | |
| 26 | | | | | |
| 27 | | | | | |
| 28 | | | | | |
| 29 | | | | | |
| 30 | | | | | |
| 31 | | | | | |